यहां कई सम्मानित सदस्यों ने अपनी बात रखी कि इसमें एससी, एसटी का प्रतिनिधित्व नहीं है। गवर्निंग बॉडी में 22 की संख्या को कम कर दिया, 12 कर दिया और वहां जो एससी, एसटी के कैंडीडेट थे, हमारे सम्मानित सांसद भी उसमें थे, उनको काउंसिल में ले लिया। हमने प्रतिनिधित्व खत्म नहीं किया है। हमने प्रतिनिधित्व ऑलरेडी काउंसिल के तौर पर रखा है। यह

एक महत्वपूर्ण विषय है। कुल मिलाकर नाइपर में काउंसिल बनाना, डिग्री देना, अंडर ग्रेजुएट डिग्री चालू करना, सबको नैशनल इम्पॉर्टेंस घोषित करना और गवर्निंग बॉडी में सदस्य संख्या कम करना, हम ये चार सुझाव, अमेंडमेंट लेकर आए हैं। सबने बहुत सकारात्मक और हकारात्मक बात कही है। मैं आप सभी सम्मानित सदस्यों का आभारी हूं। इसमें जो कमेंट आए हैं, बात आई है, मैं उसे पहले थोड़ा क्लेरिफाई कर दूं। वैसे तो मुझे पहले से बात चालू करनी चाहिए लेकिन अधीर रंजन जी ने पूछा कि आपने किया क्या? मुझे यह बताना चाहिए। अधीर रंजन जी, प्रेमचन्द्रन जी और कई सदस्यों ने जन औषधि का उल्लेख किया।

आपने कहा कि हमने किया, मैं बता दूं, अच्छी स्कीम उन्होंने ही वर्ष 2008 में शुरू की थी। वर्ष 2008 में जब यूपीए गवर्नमेंट थी, उन्होंने कहा कि जेनरिक मेडिसन लोगों को मिलनी चाहिए। हम सरकार में वर्ष 2014 में आए। उस वक्त छः साल हो गए थे, केवल 103 स्टोर थे और वहां 300 से कम टाइप की मेडिसन मिलती थी। जो स्टोर थे, एक के बाद एक बंद हो रहे थे। मोदी जी ने मुझे जिम्मेदारी दी, मैं एमओएस हुआ करता था। मैं उनसे मिलने गया तो माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि यह सेवा का कार्य है और करना चाहिए, रुचि लेकर करना चाहिए। मैं एमओएस हुआ करता था, मेरे पास ज्यादा काम नहीं था, मैं इस काम में लगा क्योंकि यह गरीबों का काम था।

मेडिसन की प्रेस्क्रिप्शन लिख देना एक बात होती है और प्रेस्क्रिप्शन के बाद डायग्नोसिस करना एक बात होती है। निदान हो गया, 100 रुपये फी दे दी, लेकिन जब मेडिसन लेने जाते हैं बहुत महंगी मिलती है, जैसे कैंसर की मेडिसन है। अब तो हैबिचुअल डिसीज़ बढ़ रही हैं, डायबिटीज़ की परमानेंट मेडिसन लेनी पड़ती है। बीपी की परमानेंट मेडिसन लेनी पड़ती है। कैंसर पेशंट को परमानेंट मेडिसन देनी पड़ती है। कार्डियक पेशंट को परमानेंट मेडिसन लेनी पड़ती है। गरीब हो या अमीर हो, बीमारी किसी को पूछ कर नहीं आती है। अमीर के यहां भी आती है, गरीब के यहां भी आती है। जब अमीर के यहां आती है तो उसकी जेब में पैसा होता है, वह सर्वाइव कर जाता है, लेकिन गरीब के यहां जब हैबिचुअल बीमारी आती है तो 2000-3000 रुपये मेडिसन में

चले जाते हैं। इससे उसके बच्चे की पढ़ाई हो सकती है, घर का गुजारा चल सकता है। उन्हें सस्ती दवाई मिले, इसके लिए काम करना चाहिए। मोदी जी ने मुझे मार्गदर्शित किया और मैंने वह काम किया। मुझे सदन को बताते हुए खुशी हो रही है कि आज देश में 8500 जन-औषधि स्टोर हैं। 2400 से अधिक टाइप की मेडिसिन्स वहां उपलब्ध हो रही हैं और 56 से ज्यादा मेडिकल डिवाइसेज उपलब्ध हो रहे हैं । पर डे 10 से 15 लाख लोग जन औषधि स्टोर पर मेडिसिन लेने जाते हैं।

अधीर रंजन जी हमने ये काम भी किया। यहां यह भी बात हुई कि जेनेरिक मेडिसिन का व्याप बढ़ाना चाहिए। दुनिया अपने यहां रिसर्च करके और पेटेंट करके ब्रांडेड एवं महंगी मेडिसिन इंडिया में भेजती है, लेकिन दुनिया हमारी जेनेरिक मेडिसिन खाती है। आप अमेरिका जाएंगे तो देखेंगे कि वहां 40 परसेंट इंडिया में बनी हुई जेनेरिक मेडिसिन का यूज होता है और हम ब्रांडेड मेडिसिन खाते हैं। उसके लिए अवेयरनेस क़ैसे लाया जाए? यह अवेयरनेस लाने का काम करने के लिए जन औषधि स्टोर चलाया गया। जन औषधि स्टोर का नतीजा यह निकला कि पहले देश में जेनेरिक मेडिसिन का शेयर केवल 2 परसेंट होता था, लेकिन आज वह 8 परसेंट से ज्यादा है। जेनेरिक मेडिसिन का शेयर बढ़ने लगा और लोगों को सस्ती मेडिसिन मिलने लगी। मैंने एक स्टडी करवाई थी कि जन औषधि स्टोर के माध्यम से लोगों को कितना फायदा हुआ तो आकलन यह निकला कि प्रतिवर्ष 8 हजार जन औषधि स्टोर्स से सस्ती जेनेरिक मेडिसिन दवाइयां मिलती हैं। कैंसर की कई मेडिसिन्स हैं, जो मार्केट में एक ब्रांडेड टैबलेट की कीमत 200 से 300 रुपये होती है, लेकिन जन औषधि स्टोर पर जाने पर वह 50-60 रुपये में मिल जाती है। वहां लंबी लाइन लगी होती है। यह बात सही है कि कभी आप जन औषधि स्टोर पर गए हों, आप कोई भी फॉर्मेसी स्टोर पर जाएं, वहां हंड्रेड परसेंट मेडिसिन उपलब्ध हो, ऐसा जरूरी नहीं है। यदि कोई कार्डियक का डॉक्टर हो और उसके अगल-बगल में मेडिकल स्टोर है तो वहां कार्डियक के अनुरूप मेडिसिन्स ज्यादा उपलब्ध होते हैं। कोई एम.डी. डॉक्टर होता है तो वहां उसी अनुरूप मेडिसिन्स उपलब्ध होती हैं। आप जो मांगें और वही मेडिसिन सभी जगह मिल जाए, ऐसा जरूरी नहीं है। मैं ऐसा दावा

नहीं करता हूं कि जन औषधि स्टोर पर आप जो भी मेडिसिन मांगेंगे, वह उपलब्ध होगी। लेकिन, हमने प्रयास किया है कि देश के लोगों को सस्ती से सस्ती दवाइयां मिले, लोगों का जीवन सुनिश्चित और वह उसकी बीमारी में उपयोगी हो।

श्रीकांत शिंदे जी ने बहुत अच्छी बात कही, आपने भी यह प्रश्न रेज किया कि एपीआई के मामले में हमें दुनिया पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। हमारा देश 130 करोड़ की आबादी वाला देश है। हमें भी मेडिसिन की रिक्वॉयरमेंट है। यदि हम इतनी अबादी के लिए मेडिसिन के लिए दूसरे पर निर्भर रहें तो यह उचित नहीं है। इसके बारे में आप भी सोच सकते थे। आपकी भी सरकार थी। एक बात और मैं आपको बता दूं कि ये सब पीएसयू कब मर गए? उनको हमने आकर नहीं मारा। वे तो मरे हुए थे। हमने तो कोशिश की है कि वह स्ट्रैटेजिक सेल करे और जो बच सके, उसको बचाएं।

हमारी सुप्रिया बहन ने कहा कि पिंपरी में पेनिसिलिन का प्लांट है। मैं जब प्राइमरी स्कूल में पढ़ता था तब यह हमारे सिलेबस का पार्ट था कि देश में सबसे बड़ा पेनिसिलिन का प्लांट कहां है? तो हम लिखते थे कि पिंपरी में पेनिसिलिन का भारत में सबसे बड़ा एपीआई प्लांट है। वह हमारे लिए एक समय प्राइड थी। लेकिन, वह क्यों मर गई। वह इसलिए मर गई, क्योंकि जब दुनिया में ग्लोबलाइजेशन हुआ और ग्लोबलाइजेशन में डब्ल्यूटीओ के अंतर्गत सारी दुनिया फ्री ट्रेड करने लगी तो कई कंट्रीज ने इस मौके का फायदा उठाते हुए अपने यहां बड़े-बड़े कारखाने लगा दिये और सस्ते दाम पर पेनिसिलिन का एपीआई बनाकर इंडिया में डंप करने लगे। उसके बाद, हमारी कंपनियां मरने लगीं। यदि उस वक्त आपने ध्यान दिया होता तो आज की स्थिति मरने की स्थिति नहीं होती। उस वक्त उसको कैसे रोका जाए, ऐसा प्रयास करने की आवश्यकता थी। लेकिन, वह प्रयास नहीं हुआ। इसको करने के लिए हममें से किसी ने ना नहीं कहा। जब मोदी जी देश के प्रधान मंत्री बने तो उन्होंने इसके लिए हमें मार्गदर्शन दिया। ऐसे कितने एपीआई हैं? आप आइडेंटिफाई कीजिए। कौन-सा ऐसा एपीआई नहीं है और हमारे यहां फॉर्मूलेशन में दिक्कत आ जाए। यह बहुत क्रिटिकल स्थिति हो जाती है। हमारे यहां फॉर्मूलेशन इंडस्ट्रीज है लेकिन उसको

चलाने के लिए, जैसा आपने कहा कि स्टार्टिंग मेटेरियल चाहिए, एपीआई चाहिए और इंटरमीडिएट चाहिए। ये हम बाहर से लाएं और बाहर वाला हमें देना बंद कर दे तो हमारी स्थिति क्या होगा ी। उसके मद्देनजर हमने उसके ऊपर डीपली काम करना शुरू किया और हमने ऐसे 51 एपीआई आइडेंटिफाई किए। हम 80 परसेंट से ज्यादा एपीआई दुनिया से इम्पोर्ट करते हैं। यदि ये हमारे देश में नहीं आएंगे और हम नहीं बनाएंगे तो हमारे देश में कभी भी मेडिसिन की क्राइसिस हो सकती है। इस विषय को लेते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि उसके ऊपर काम करना शुरू कीजिए।

माननीय अध्यक्ष जी, मुझे इस सदन को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत में 51 एपीएआई बनें, उसके लिए हमने 14,000 करोड़ रुपये के सहयोग से पीएलआई वन स्कीम निकाली है। इस स्कीम से क्या हुआ?हमें भारत में एपीआई बनानी है। दुनिया में उसकी क्या वाइबिलिटी गैप फंडिंग है, हम भाषण देंगे, तो इंडस्ट्रियलिस्ट उसको नहीं बनाएंगे। हम कितनी भी बात करें, लेकिन वह वाइबल होना चाहिए। मतलब हम उसे कब प्रोक्योर करेंगे, उसको दुनिया के मार्केट के बराबर मार्केट मिले। ऐसे कई एपीआईज़ हैं, अगर हम उनको अपने यहां मैन्युफैक्चर्स करें, तो दुनिया से लेने में जो खर्च आता है, हमें उससे 20 प्रतिशत कम रेट पर मिल सकता है। हमने ऐसे एपीआई पर 20 प्रतिशत पीएलआई स्कीम के माध्यम से किया है। अगर वे 100 रुपये का बनाते हैं, तो हमने पीएलआई स्कीम में देने के लिए 20 रुपये का प्रावधान किया है। कई ऐसे एपीआई थे, जिनमें 10 प्रतिशत की कमी थी। उस वाइबिलिटी गैप फंडिंग के लिए 10 प्रतिशत की आवश्यकता थी, हमने उसमें 10 प्रतिशत दिया है।

इतना ही नहीं, उसे बनाने के लिए हमें फॉर्मा पार्क बनाने की आवश्यकता होगी, क्योंकि जब एपीआई बनाने की बात होती है, उसमें हैजार्ड्स एम्फ्लुएंट होता है। उसमें क्लस्टर डेवलेपमेंट और पार्क के माध्यम से डेवलेपमेंट करना होता है। हमने देश में एक-एक हजार करोड़ रुपये के खर्च से ऐसे चार पार्क बनाने के लिए तय किया है। उसका उपयोग करके हम देश में बल्क एपीआई मैन्युफैक्चरिंग कर सकें, हमने यह किया है। अधीर रंजन जी, हमने यह किया है। हम रुके नहीं हैं। हमने यह इसलिए किया है, ताकि देश को भविष्य में ऐसे किसी संकट का सामना न करना पड़े और

देश की जरूरत देश में ही पूरी हो जाए। हमने यह भी किया है, हमने एपीआई, पीएलआई वन स्कीम 14,000 करोड़ रुपये की निकाली है। हम उसके बाद भी नहीं रुके, हमने कहा कि देश में एपीआई का प्रोडक्शन हो, इतना ही नहीं, हमें फॉर्मेसी ऑफ द वर्ल्ड बनना है। हमें केवल उत्पादन करके अपनी जरूरत को पूरा करना है, ऐसा नहीं है। हमें अपनी जरूरत पूरी करके एक्सेस होना है और दुनिया के मार्केट में भारत की फॉर्मा इंडस्ट्रीज़ अपना माल बेच सकें। हम देश और दुनिया को ऑब्लाइज करे सकें, इसलिए हमने 15,000 करोड़ रुपये की पीएलआई स्कीम निकाली है। मैंने उसमें एक-एक चीज को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। हम उसके पीछे रातों तक जागे हैं, तब जाकर यह हुआ है। भविष्य में देश कैसे सशक्त हो, कैसे मज़बूत हो, हमने यह किया है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, जब देश में पैनडेमिक स्टार्ट हुआ और फर्स्ट लॉकडाउन चल रहा था, जैसा कि आपने मेंशन किया है, हमने देखा है कि उस वक्त विकसित देशों की क्या हालत हुई थी। विकसित देशों के पास 15-15 दिन तक एजिथ्रोमाइसिन नहीं थी, हम जिनका हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर स्ट्रांग मानते हैं। कैसी व्यवस्था हो गई थी। उस स्थिति में हिन्दुस्तान ने 150 देशों में अपनी दवाई उपलब्ध कराई थी। मैं यहां पर उस व्यवस्था को देख रहा था। हमारे यहां प्रतिदिन केवल मेडिसिन लेने के लिए पांच प्लेन आते थे। यह हमारे लिए गौरव का विषय है। यह देश की उपलब्धि है। यह देश के नागरिकों की उपलब्धि है। हम उसको इस दृष्टि से देखते हैं। हमने कभी इस विषय पर राजनीति करने की कोशिश नहीं की है। व्यवस्था कैसे स्ट्रांग हो, हमने उसकी कोशिश की है। जब भारत में दूसरी वेव आई थी और हमें दिक्कत हुई, तब अमेरिका के राष्ट्रपति को यह कहना पड़ा था कि भारत ने पहली वेव में जो हमारी मदद की थी, उसको अमेरिका कभी नहीं भूल पाएगा। जब हमने जो-जो चीजें मांगी थीं, उस वक्त भी हमें कई चीजों की आवश्यकता थी, हमने वह रिक्वॉयरमेंट पूरी की है। हमने यह भी किया है। मैंने कल विस्तृत रूप से रखा था।

मैंने कल भी कहा था कि देश में वैक्सीन मैन्युफैक्चरिंग होती है। मैं मानता हूं कि देश में वैक्सीन मैन्युफैक्चरिंग होती है। पूरी दुनिया में भारत का वैक्सीन में 60 प्रतिशत शेयर है। हम वैक्सीन मैन्युफैक्चर्स करते हैं और उसको दुनिया में बेचते हैं, लेकिन हम रिसर्च में पीछे थे, हम

रिसर्च नहीं कर पाते थे। कोई रिसर्च करता था, वह बाद में पेटेन्ट फ्री हो जाता था या तो हम लाइसेंस लेते थे, तब हम मैन्युफैक्चरिंग करते थे। जब पहली वेव चल रही थी, तब हमने इस विषय से बाहर निकलने के लिए चिंतन किया था। तब उसके ऊपर अपना माइंड अप्लाई किया था कि क्यों हमारे यहां रिसर्च नहीं हो रही है। हम फॉर्मा कंपनियों और रिसर्च करने वाली बड़ी कंपनियों के साथ घंटों तक बैठे हैं कि हमें क्या करने की आवश्यकता है, हम क्या करें, ताकि हम आपकी मदद कर सकें। हमें कोरोना की वैक्सीन देश में ही बनानी है। सभी कंपनियां काम पर लगीं, भारत सरकार की कंपनियां काम पर लगीं और प्राइवेट कंपनियां भी काम पर लगीं। क्या आवश्यकता है? उन्होंने उस वक्त पहला विषय रखा था, हमने कहा कि यह तुरंत ही करना है। नहीं होगा, हमारा सिस्टम ही ऐसा है, हमारे रूल्स और रेग्युलेशंस ही ऐसे हैं, हमारा कानून ही ऐसा है, हमारा प्रोसीजर ही ऐसा है। हमें यह करते-करते तीन साल लग जाते हैं। हमने इन सारी व्यवस्थाओं को सरल कर दिया और भारत के वैज्ञानिकों ने नौ महीनों में रिसर्च करके हमें वैक्सीन दे दी।

उसका नतीजा यह निकला है कि आज देश में कोवैक्सीन इंडियन रिसर्च और इंडियन मैन्युफैक्चरिंग की बदौलत है। दुनिया 20 सालों से जायकोव-डी डीएनए वैक्सीन पर मेहनत कर रही है, लेकिन डीएनए वैक्सीन को बनाने में सक्सेस नहीं हो पाई है। भारत सरकार के प्रोत्साहन से हमारे देश के साइंटिस्टों ने डीएनए वैक्सीन भी बना दी और उसकी मैन्युफैक्चरिंग भी चालू कर दी है। आगामी दिनों में इंडिया में और दो वैक्सीन्स का थर्ड ट्रायल का डेटा सबमिट हो जाएगा। हम अपेक्षा करते हैं कि उसका डेटा और ट्रायल सक्सेसफुल हो, जिससे इंडिया की ही दो कंपनीज़, इंडिया रिसर्च और इंडिया मैन्युफैक्चरिंग सक्सेस हो। भारत ने कभी भी दवाइयों को बिजनेस की दृष्टि से नहीं देखा है। हमारी संस्कृति और परम्परा वसुधैव कुटुम्बकम की रही है। हमने उसे बिजनेस के रूप में बाद में देखा है, पहले उसे सेवा के रूप में देखा है। दुनिया की मदद करना भारत की रीति-नीति और कार्य पद्धति रही है। हमने ऐसा नहीं सोचा कि हमें हमारी जरूरत पूरी करनी है। हमने ऐसा नहीं सोचा कि वैक्सीन ज्यादा बनाने की जरूरत नहीं है, हम एक-दो कंपनी बना लें और हमारी रिक्वायरमेंट पूरी हो जाए। हमने वसुधैव कुटुम्बकम की दृष्टि से सोचा

है। हमें हमारा भी ख्याल रखना है और दुनिया की भी मदद करनी है। हम तो शुभ-लाभ की संस्कृति वाले लोग हैं। हम लाभ की तो बात करते है, लेकिन साथ ही दूसरों के शुभ की भी बात करते हैं। हम दूसरे की भावना को भी समझते हैं और उसकी भी मदद करते हैं। इसलिए आज दुनिया की कंट्रीज हमसे वैक्सीन मांग रही है। अमेरिका और करेबियन कंट्री समूह के 29 राजदूतों ने इकट्ठा होकर मुझे बुलाया था और उन्होंने कहा कि हमें वैक्सीन चाहिए। मैंने कहा कि हमारे पास वैक्सीन की एक्सेस है और हम आपको एक्सेस वैक्सीन देंगे। मोदी जी ने कहा है कि हमें दुनिया की मदद करनी है। आज दुनिया में भारत की वैक्सीन एक्सपोर्ट होने लगी है। जब पहली बार राज्य सभा में कोविड पर डिस्कशन चल रहा था तो मैंने उस स्थिति को झेला, उस समय ये बोलते थे कि आपने 6 करोड़ वैक्सीन की डोज को एक्सपोर्ट कर दिया। हम एक्सपोर्ट नहीं करना चाहते थे, लेकिन उसकी लाइफ लाइन सैल्फ लाइफ होती है। वह 6 महीने में एक्पायर्ड हो जाती है या 9 महीने में एक्सपायर्ड हो जाती है। यहां पर तो बूम चल रही थी कि यह मोदी वैक्सीन है मत लो, यह बीजेपी की वैक्सीन है। मोदी जी वैक्सीन क्यों नहीं ले रहे है, यह वैक्सीन सही नहीं है। इस तरह से वैक्सीन के लिए इतनी ज्यादा अफवाह फैलाई जा रही थी, जिससे यह स्थिति पैदा हो गई थी कि देश की कंपनियों के पास वैक्सीन तो पड़ी थी, लेकिन जब हम उसको यूज ही नहीं करते थे तो उसका क्या करना था? आपने वैक्सीन एक्सपोर्ट क्यों कर दी, ऐसी बातें हमें झेलनी पड़ी।... (व्यवधान) दादा के राज्य में भी वैक्सीन पड़ी हुई है। आज देश में 20 करोड़ से अधिक डोजेस उपलब्ध हैं।... (व्यवधान) जहां पर जिसको कैम्पेन चलाना हो या जनता की मदद करने की भावना हो, वह कर सकता है। हमारी आलोचना होने से हमें कोई दिक्कत नहीं है। मोदी जी के लिए तो जो कहते हैं, वे हर दिन उठकर कहते ही रहते हैं, लेकिन मोदी जी उसका कोई प्रति उत्तर नहीं देते हैं। हम आपको अपने-अपने क्षेत्र में वैक्सीनेशन ड्राइव चलाने के लिए नहीं रोकते हैं। वहां पर वैक्सीन्स पड़ी हुई हैं। कृपया करके आप जाइए और अपने क्षेत्र में जोश के साथ मीटिंग कीजिए।... (व्यवधान)

कुंवर दानिश अली : योगी जी को बोलिए कि हमारे जिले में वैक्सीन भेजे।... (व्यवधान)

श्री मनसुख मांडविया: आपके जिले में भी वैक्सीन पड़ी हुई है। मैं अधीर रंजन जी की बात में करेक्शन करना चाहता हूँ कि आज देश में एपीआई नहीं, बल्कि मेडिकल डिवाइसेज़ का 70 परसेंट इंपोर्ट करना पड़ता है। इम्पोर्ट क्यों करना पड़ता है, मैं उस वे में नहीं जा रहा हूँ। अगर पहले हुआ होता तो हमें इतना इम्पोर्ट नहीं करना पड़ता, कम इम्पोर्ट करना पड़ता। हमारे देश में जब मार्केट बढ़ रहा है, देश में मिडिल क्लास बढ़ रहा है तो देश के प्रधान मंत्री जी ने हेल्थ को डेवलपमेंट के रूप में देखा है। हेल्थ को डेवलपमेंट के एक पार्ट के रूप में देखा। हमें देश को डेवलप करना है और हम हेल्थ को उपेक्षित नहीं कर सकते हैं, इसी विषय को दृष्टिगत रखते हुए आयुष्मान भारत योजना चली। पाँच से छ: गांवों के बीच में एक आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर स्थापित किया गया। उसके बाद दस करोड़ फैमिलीज के लिए आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना चली। तीसरा, सभी का रिकॉर्ड आपके पास रहे। अगर आपने कोई ट्रीटमेंट लिया है, क्या ट्रीटमेंट लिया, आपकी रिपोर्ट क्या है, ये सब संग्रहित करके, फाइल लेकर घूमना पड़ता है, तो आप उसका डिजिटल रिकॉर्ड रख सकें, उसे आप डिजिटली लेबोरेटरी से कनेक्ट कर सकें, डिजिटली आप सारी व्यवस्था उपलब्ध करवा सकें, इसके लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन चलाया गया।

चौथा, आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से 64 हजार करोड़ रुपये खर्च करके, हर जिले में 100 करोड़ रुपये खर्च करके, वहां के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम किया गया है।...(व्यवधान) अध्यक्ष जी, मुझे अपनी बात पूरी करनी है। अभी मैं प्रारम्भिक स्टेज में पहुंचा हूं।...(व्यवधान) मैं शॉर्ट में अपनी बात कहता हूं। आपको अच्छी इनफार्मेशन मिलेगी, जो सबके लिए उपयोगी भी होगी।...(व्यवधान) कुल मिलाकर हेल्थ को डेवलपमेंट के साथ जोड़कर मोदी जी ने जो काम करना शुरू किया, उसका अच्छा नतीजा यह निकल रहा है कि अब एक गरीब व्यक्ति भी अच्छा इलाज ले सकता है।...(व्यवधान) यह सच है तो स्वीकार करना ही पड़ेगा। ।...(व्यवधान) पहले यह बात थी कि गरीब लोगों को ट्रीटमेंट लेने

के लिए कहां जाना है, तो गरीब लोगों को ट्रीटमेंट लेने के लिए सरकारी अस्पताल में जाना है। ...(व्यवधान)

सर, एक समय था कि गरीब लोगों को ट्रीटमेंट लेनी है तो कहां जाना है - सरकारी अस्पताल में । किसी सुखी-समृद्ध को ट्रीटमेंट लेने के लिए कहां जाना है – किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में जाना है। प्राइवेट हॉस्पिटल में सुविधाएं होती हैं, लेकिन गरीब लोगों को सरकारी हॉस्पिटल में जाना होता था। इसलिए सरकारी हॉस्पिटल्स को भी सक्षम बनाना है, जिससे वहां भी बेस्ट लेवल की ट्रीटमेंट मिले और अगर किसी पेशेंट को प्राइवेट हॉस्पिटल में जाना है तो गरीब लोगों के लिए भी आयुष्मान भारत योजना के तहत 20 हजार डिसपेंसरीज को आइडेंटिफाइड किया गया है। वहां एक बेड अमीर लोगों का होता है और बगल का एक बेड देश के पिछड़े, गरीब और वंचित लोगों के लिए होता है। जिन गरीब, पिछड़े और वंचित लोगों की दानिश भाई ने बात की, उनके लिए हमने यह काम किया है। उसके लिए जो करना चाहिए, वह हमने किया है। उसको हमने अमीर के बराबर एक दर्जा दिया है और उसके लिए सुविधा दी है। इस तरह से प्रयास है कि देश को उत्तम से उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो। एक जज्बा होता है। पहले जब मैं शिपिंग मिनिस्ट्री में था, तब एक एम्बेसडर मुझे मिलने आते थे। एक बार बात-बात में उन्होंने मुझे कहा कि मुझे आपसे मिलना अच्छा लगता है। तब मेरे मन में जिज्ञासा हुई कि मुझे मिलना क्यों अच्छा लगता है, क्योंकि वह अपने काम से आते थे। उन्होंने कहा कि आप एम्बेसडर में चलते हैं, तो मैंने सोचा कि उसमें क्या हो गया। मुझे शिपिंग मिनिस्ट्री ने एम्बेसडर कार एलॉट की थी तो मैं उससे चलता था। मैंने कहा कि मुझे शिपिंग मिनिस्ट्री ने एम्बेसडर कार प्रोवाइड की है, इसलिए मैं उससे चलता हूं। बाद में उन्होंने कहा कि यह टेक्नोलॉजी हमारी है। इस बात का उसे गौरव होता है। जब हमारी इंडस्ट्रीज दुनिया में वैक्सीन्स सप्लाई करती हैं, अगर हम दुनिया में किसी देश में जाएं और वहां 'मेक इन इंडिया' या 'मेड इन इंडिया' लिखा हो तो हमें गौरव महसूस होगा या नहीं होगा? अध्यक्ष महोदय, देश को गौरव कैसे प्राप्त हो, आपको भी दुनिया में जाने का अवसर मिला होगा, हम भी दुनिया के किसी न किसी कंट्री में जाते हैं, आज कितना बदलाव आया है, इसे आपने प्रत्यक्ष

महसूस किया होगा। आज इंडिया के किसी नागरिक को दुनिया में सिर ऊंचा करके रखने का गौरव मोदी जी ने ही दिया है। यह तो मानना पड़ेगा। ... (व्यवधान) यह मानना ही पड़ेगा।

माननीय अध्यक्ष महोदय, कहने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन कुल मिलाकर इस बिल में चार अमेंडमेंट्स थे, जो मैंने आपके सामने रखे हैं। स्टैंडिंग कमेटी की जो सिफारिशें मिली थीं, हमने उनमें से कई सिफारिशें मान ली हैं, जो सिफारिश नहीं मानी है, उसे मैंने प्रत्यक्ष देख लिया है, उनको जब नियम बनेंगे, उनमें हम एड कर सकेंगे। इसलिए कोई ऐसा विषय नहीं था कि हमने उनको नहीं माना है।...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : बीसीपीएल के बारे में बताइए।...(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय (दमदम): बंगाल के बारे में भी बताइए।... (व्यवधान)

श्री मनसुख मांडविया: मैं बताता हूं।... (व्यवधान) मैं बता दूंगा, एक बार मेरी रिप्लाई पूरी हो जाने दीजिए। उसके बाद मैं आपको रिस्पांड भी करूंगा। ... (व्यवधान) दादा, मैं रिस्पांड करूंगा।

बंगाल केमिकल्स में आपने वहां एक 'नाइपर' स्थापित करने की बात की है। मैं चाहता हूं कि बंगाल कैमिकल्स के पास लैण्ड है, मैं वहां नाइपर को लैण्ड देने जा रहा हूं। मैं उसमें आपका सहयोग भी मांगूगा। उसमें थोड़े सहयोग की आवश्यकता है, वह आप मुझे कर दीजिएगा। ... (व्यवधान) वहां उसको कैम्पस मिल जाए, यह भी बहुत जरूरी है। उसका स्ट्रैटजिक सैल है, उसको 100 परसेंट सैल नहीं करना है। उसकी लायबिलिटी है, वह खत्म करनी है। आपकी एम्प्लाइज की यूनियन है, वह यूनियन मेरे पास आती है। उसको पैसा देना है। उसको स्ट्रैटजिक सैल करके, बंगाल कैमिकल्स का स्ट्रैटजिक सैल करना है, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स का भी स्ट्रैटजिक सैल करना है। हमने एडिश्नल पैसा देकर आज तक किसी एम्प्लॉइज को सैलरी के बिना नहीं रखा है। हम जानते हैं और समझते हैं कि उसकी फैमिली उस पर डिपेंड होती है। उसको स्ट्रैटजिक सैल करके, वह अच्छी तरह से कैसे चले, हमें मिलकर इस दिशा में प्रयास करना है।

माननीय अध्यक्ष : जो ये पूछ रहे हैं, इन चीजों से बिल का क्या संबंध है?

... (व्यवधान)

श्री मनसुख मांडविया : अध्यक्ष जी, कोई संबंध नहीं है। ... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने बिल देखा है, इन चीजों से इनका कोई संबंध नहीं है।

... (व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR) : Would the hon. Minister please clarify the status of Chengalpattu and Kannur vaccination units? *....(Interruptions)*

श्री मनसुख मांडविया : मैं आपको रिप्लाई दूंगा।

माननीय अध्यक्ष : वैक्सीन यूनिट से इस बिल का क्या संबंध है? आप क्यों जवाब देंगे?

श्री मनसुख मांडविया : अध्यक्ष महोदय, उसमें सवाल कुछ नहीं है, मैं भला आदमी हूं तो मैं रिप्लाई दे देता हूं, इसलिए मुझसे पूछ लेते हैं। मैं ऐसा भी कह सकता था कि यह बिल का पार्ट नहीं है, लेकिन सीधा आदमी हूं तो जो पूछता है, उसका रिप्लाई दे देता हूं। ... (व्यवधान)

महोदय,चेंगलपट्टू में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करके एक वैक्सीनेशन यूनिट बना रहे थे। उसमें कई कारण थे। उसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर रेडी हो गया है। हम दो-तीन ऑप्शंस पर काम कर रहे हैं। मैं हाउस में कहना चाहूंगा कि हम पक्का चालू करेंगे। हमें आवश्यकता होगी तो हम स्टेट गवर्नमेंट का सहयोग लेंगे। यह नेशन इंट्रैस्ट का काम है, यह मेरा या स्टेट गवर्नमेंट का विषय नहीं है। उसको कैसे करें, यह हम एनालिसिस कर रहे हैं। वह करना है और उसको करेंगे। ... (व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU : What about Kannur? *....(Interruptions)*

श्री मनसुख मांडविया : मुझे कन्नूर का पता नहीं है, मुझे चेंगलपट्टू का पता है और चेंगलपट्टू का करूंगा। वैक्सीन का प्रोडक्शन इण्डिया में हो, यह दुनिया भी चाहती है। क्योंकि वैक्सीन 18

डॉलर, 17 डॉलर और 20 डॉलर की वैक्सीन है, लेकिन इण्डिया की 3-4 डॉलर की वैक्सीन है तो दुनिया को यह सस्ती मिलती है। हम यह कर सकते हैं। ... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं केवल ये चार अमेंडमेंट्स लेकर आया हूं। सभी लोगों ने मुझे इस पर सहयोग किया है। इसलिए मैं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं। आप सभी उसे यूनेनिमस्ली पास करें, ऐसी मेरी रिक्वेस्ट है।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि राष्ट्रीय औषध शिक्षा और अनुसंधान संस्थान अधिनियम, 1998 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: अब सभा विधेयक पर खण्डवार विचार करेगी।

Clause 2 Amendment of long title

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय जी,क्या आप संशोधन संख्या 4 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I beg to move:

Page 2, line 4,-

for "certain institutions of pharmaceuticals education and research"

substitute "all Central Government and State Government institutions conducting teaching and research in Allopathy and Ayurveda". (4)

माननीय अध्यक्ष:अब प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 4 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष:प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 3 से 5 विधेयक में जोड़ दिये गए।

Clause 6 Amendment of Section 4

Amendment made:

Page 3, *after* line 20,-

insert "Provided that one member from amongst members to be nominated under clauses (f), (g) and (h) shall be either from the Scheduled Castes or from the Scheduled Tribes.". (1)

(Shri Mansukh Mandaviya)

माननीय अध्यक्ष :श्री एन. के प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या **5** और **7** प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I beg to move:

Page 3, line 6,-

after "academician"

insert "in pharmacology". (5)

Page 3, line 12,-

after "technical"

insert "pharmacology". (7)

Sir, my amendment no. 5 is regarding the qualification of the Chairperson who shall be an eminent academician according to the Government. My amendment is 'shall be an eminent academician in pharmacology.' That may be accepted.

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी द्वाराखंड 6 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 5 और 7 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष :प्रो. सौगत राय जी, क्या आप संशोधन संख्या 6 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY: Sir, I beg to move:

Page 3, line 7,-

omit "or technologist". (6)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं प्रो. सौगत राय जी द्वाराखंड 6 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 6 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है

"कि खंड 6, यथा संशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 6, यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 7 से 9 विधेयक में जोड़ दिए गए।

Clause 10 Amendment of Section 7

माननीय अध्यक्ष :प्रो. सौगत राय जी, क्या आप संशोधन संख्या 8 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY : Sir, I beg to move:

Page 3, line 37,-

after "leading to"

insert "diploma,". (8)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं प्रो. सौगत राय जी द्वाराखंड 10 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 8 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 10 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 10 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 11 से 17 विधेयक में जोड़ दिए गए।

Clause 18 Amendment of Section 16

Amendment made:

Page 4, *for* lines 35 and 36,-

substitute '18. In Section 16 of the principal Act, in sub-section (1), for the words "Director of the Institute shall be appointed by the Board", the words "Director of each Institute shall be appointed by the Council" shall be substituted.'. (2)

(Shri Mansukh Mandaviya)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 18, यथा संशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 18, यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 19 से 28 विधेयक में जोड़ दिए गए।

57

Clause 29 Insertion of new Chapter II-A

Amendment made:

Page 7, line 25,-

for "every year,"

substitute "every six months". (3)

(Shri Mansukh Mandaviya)

माननीय अध्यक्ष :श्री एन. के प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 9 से 14 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, I would like to give a suggestion regarding the amendments. Two official amendments have been made by the hon. Minister. We do not have a copy thereof. Maybe, they are there in the website or in the portal. It is very difficult to know in the House what the amendment of the hon. Minister is. He is not explaining what his amendment is. We are not aware of what official amendments the Government is moving. So, kindly give a direction to circulate at least the official amendments among the Members. Otherwise, how do we know what the amendments of the Government are, which the hon. Minister is moving? The Government is moving amendments. ... (*Interruptions*)

I do agree that they may be there in the portal, but the net is not available inside the House.

माननीय अध्यक्ष :आपके सुझाव को नोट कर लिया।

क्या आप अमेंडमेंट्स मूव कर रहे हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, I am not moving my amendments.

माननीय अध्यक्ष :श्री विनायक राउत जी, क्या आप संशोधन संख्या 20 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI VINAYAK BHAURAO RAUT (RATNAGIRI-SINDHUDURG): Sir, I am not moving my amendment no. 20.

माननीय अध्यक्ष :श्री सौगत राय जी, क्या आप संशोधन संख्या **15** प्रस्तुत करना चाहते हैं?

प्रो. सौगत राय : सर, मैं संशोधन संख्या 15 मूव नहीं करूंगा।

माननीय अध्यक्ष :श्री अधीर रंजन चौधरी जी, क्या आप संशोधन संख्या **17** प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, I beg to move:

Page 7, *after* line 6,-

insert	"(a) to advise on matters relating to standards and quality of education in the institutes and other matters relating to quality of education". (17)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री अधीर रंजन चौधरी जी द्वाराखंड 29 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 17 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष :श्री विनायक भाउराव राऊत जी, क्या आप संशोधन संख्या 21 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

श्री विनायक भाउराव राऊत : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी भी इस अमेंडमेंट को मानेगें कि जहां आप नॉमिनेटेड तीन सदस्य ले रहे हैं, उसमें एक सदस्य बढ़ाए और दलित, मागासवर्गीयको सम्मिलित करें, तो अच्छा होगा।... (व्यवधान) मुझे ऑफिशियल अमेंडमेंट की कॉपी नहीं मिली है।

मैं संशोधन संख्या 21 मूव नहीं कर रहा हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री टी. एन. प्रथापन- उपस्थित नहीं।

श्रीमती अपरूपा पोद्दार - उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है:

"कि खंड 29, यथा संशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 29, यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 30 से 34 विधेयक में जोड़ दिए गए।

Schedule

माननीय अध्यक्ष : श्री अधीर रंजन चौधरी जी, क्या आप संशोधन संख्या 19 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : Sir, I am not moving the amendment.

माननीय अध्यक्ष :प्रश्न यह है:

"कि अनुसूची विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

SHRI MANSUKH MANDAVIYA: Sir, I beg to move:

"That the Bill, as amended, be passed."

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक, यथा संशोधित, पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही मंगलवार, 7 दिसंबर, 2021 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

18.47 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, December 7, 2021/Agrahayana 16, 1943 (Saka)

Appendix - XVIII

MINUTES

COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES
(2021-2022)
(SEVENTEENTH LOK SABHA)
TWELFTH SITTING
(23.08.2022)

The Committee sat from 1500 hours to 1615 hours in Committee Room No. 3, Extension to Parliament House Annexe, New Delhi.

PRESENT

Shri Rajendra Agrawal - **Chairperson**

MEMBERS

2. Prof. Sougata Ray
3. Shri Gaurav Gogoi
4. Shri Ramesh Chander Kaushik
5. Shri Chandra Sekhar Sahu

SECRETARIAT

1. Shri J.M. Baisakh - Joint Secretary
2. Dr. (Smt.) Sagarika Dash - Director
3. Shri K.C. Pandey - Deputy Secretary

WITNESSES

Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals)

1. Ms. S. Aparna, Secretary
2. Shri Kamlesh Kumar Pant, Chairman (NPPA)
3. Shri Rajneesh Tingal, Joint Secretary
4. Dr. N. Yuvaraj, Joint Secretary
5. Ms. Vinod Kotwal, Member Secretary (NPPA)
6. Shri P. Krishna Kumar, Director
7. Shri Pawan Kumar, Joint Director

8. Shri Abhishek Singh, Deputy Secretary
9. Shri Parveen Kumar, Deputy Secretary
10. Dr. Richa Pandey, Deputy Secretary
11. Shri S.U. Ansari, Under Secretary

Ministry of Parliamentary Affairs

1. Shri P.K. Haldar - Under Secretary

At the outset, the Chairperson welcomed the Members to the sitting of the Committee and apprised them that the sitting has been convened to (i) consider 20 Memoranda containing requests received from various Ministries/Departments for dropping of 24 pending Assurances; and (ii) take oral evidence of the representatives of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals) regarding pending Assurances.

XXXX XXXX XXXX XXXX XXXX XXXX
XXXX XXXX XXXX XXXX XXXX XXXX

3. Thereafter, the representatives of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals) and the Ministry of Parliamentary Affairs were ushered in. The Chairperson welcomed the witnesses to the sitting of the Committee and drew their attention to confidentiality of the deliberations till the Reports are presented to the House. The Committee then took oral evidence of the representatives of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals) regarding pending Assurances. Considering the pendency of a number of Assurances of the Ministry for a long time, the Chairperson asked the representatives to give an overview of the pending Assurances and also apprise the Committee about the internal mechanism in place for monitoring and review of pending Assurances in the Ministry.

4. The Secretary, Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals), briefed the Committee about the review meetings being held for implementation of pending Assurances. The Chairperson asked the representatives of the Ministry to furnish the Minutes of the review meetings for monitoring of pending Assurances.

5. The Members then raised queries and sought clarifications on the pending Assurances. The witnesses responded to the queries and also provided clarifications. As some queries required detailed replies and inputs from various quarters, the Chairperson asked the witnesses to furnish written replies on the same in due course.

6. The Committee observed that there have been inordinate delays in laying of Implementation Reports in the House even though the action has been completed on various Assurances by the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals). The Committee directed the representatives of the Ministry to furnish Implementation Reports in respect of all such Assurances to the Ministry of Parliamentary Affairs at the earliest.

7. The Chairperson thanked the witnesses for deposing before the Committee and furnishing valuable information on the queries raised and clarifications sought by them.

The witnesses, then, withdrew.

A verbatim record of the proceedings has been kept.

The Committee then adjourned.

XXXX XXXX XXXX XXXX XXXX XXXX

XXXX XXXX XXXX XXXX XXXX XXXX

Annexure-III

COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES (2021-2022) LOK SABHA

Statement of pending/implemented Assurances pertaining to the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals) discussed during oral evidence on 23.08.2022.

Sl.No.	SQ/USQ No. dated	Subject
1.	USQ No. 5025 dated 25.04.2013	Vitamins and Neutraceuticals Markets
2.	USQ No. 299 dated 25.11.2014	Manufacturing of API
3.	SQ No. 205 dated 04.08.2015	Marketing Practices by Pharma Companies
4.	SQ No. 205 dated 04.08.2015 (Supplementary by Km. Shobha Karandlage, M.P)	Marketing Practices by Pharma Companies
5.	USQ No. 235 dated 26.04.2016	Capping Trade Margins of Costly Drugs
6.	USQ No. 3383 dated 06.12.2016	Unfair Practices
7.	USQ No. 743 dated 07.02.2017	Pharma Sector
8.	USQ No. 249 dated 18.07.2017	New Drug Policy
9.	USQ No. 248 dated 19.11.2019	R&D Expenditure
10.	USQ No. 231 dated 04.02.2020	Setting up of NIPER
11.	USQ No. 452 dated 04.02.2020	NIPER in Karnataka
12.	USQ No. 1457 dated 20.09.2020	Research and Development of New Drugs
13.	USQ No. 2314 dated 09.03.2021	Life Saving Drugs
14.	USQ No. 3313 dated 16.03.2021	PPD Scheme
15.	USQ No. 3567 dated 10.08.2021	Medical Device Park
16.	General Discussion dated	General Discussion on the National Institute of

	06.12.2021 by Shri T.R. Baalu, M.P	Pharmaceutical Education and Research (Amendment) Bill

MINUTES
COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES
(2022-2023)
(SEVENTEENTH LOK SABHA)
FOURTH SITTING
(07.02.2023)

The Committee sat from 1500 hours to 1530 hours in Room No. 216 (Chamber of Chairperson), 'B' Block, Extension to Parliament House Annexe, New Delhi.

PRESENT

Shri Rajendra Agrawal - Chairperson

Members

2. Shri Nihal Chand Chauhan
3. Shri Khagen Murmu
4. Shri Ashok Mahadeorao Nete
5. Shri Santosh Pandey
6. Shri Chandra Sekhar Sahu

Secretariat

1.	Shri J.M. Baisakh	- Joint Secretary
2.	Dr. (Smt.) Sagarika Dash	- Director
3.	Shri Mahesh Chand Gupta	- Deputy Secretary
4.	Smt. Vineeta Sachdeva	- Under Secretary

At the outset, the Chairperson welcomed the Members to the sitting of the Committee and apprised them regarding the day's agenda. Thereafter, the Committee considered and adopted the following four (04) draft Reports without any amendments:-

(i) Draft Seventy-Ninth Report (17th Lok Sabha) regarding 'Review of Pending Assurances Pertaining to the Ministry of Minority Affairs';

(ii) Draft Eightieth Report (17th Lok Sabha) regarding 'Review of Pending Assurances Pertaining to the Ministry of Chemical and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals)';

(iii) Draft Eighty-First Report (17th Lok Sabha) regarding 'Requests for Dropping of Assurances (Acceded to)'; and

(iv) Draft Eighty-Second Report (17th Lok Sabha) regarding 'Requests for Dropping of Assurances (Not Acceded to)'.

2. The Committee authorized the Chairperson to present the Reports during the ongoing session.

The Committee then adjourned.

Appendix-XX

COMPOSITION OF THE COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES* (2021 - 2022)

SHRI RAJENDRA AGRAWAL - Chairperson

MEMBERS

2. Prof. Sougata Ray **
3. Shri Nihal Chand
4. Shri Gaurav Gogoi
5. Shri Nalin Kumar Kateel
6. Shri Ramesh Chander Kaushik
7. Shri Kaushlendra Kumar
8. Shri Ashok Mahadeorao Nete
9. Shri Santosh Pandey
10. Shri M.K. Raghavan
11. Shri Chandra Sekhar Sahu
12. Dr. Bharatiben D. Shiyal
13. Shri Indra Hang Subba
14. Smt. Supriya Sule
15. Vacant

SECRETARIAT

1.	Shri J.M. Baisakh	-	Joint Secretary
2.	Dr. Sagarika Dash	-	Director
3.	Shri Krishna C. Pandey	-	Deputy Secretary
4.	Smt. Vineeta Sachdeva	-	Under Secretary

---

* The Committee has been constituted w.e.f. 09 October, 2021 vide Para No. 3202 of Lok Sabha Bulletin Part-II dated 18 October, 2021

** Nominated to the Committee vide Para No 4711 of Lok Sabha Bulletin Part-II dated 06 June, 2022 vice Shri Sudip Bandyopadhyay resigned on 01 June, 2022